सच की ताकत, खबरों के साथ

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ गुरूवार ♦ 12 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 912

नवनिर्वाचित सरपंच ओमप्रकाश नाई ने संभाला कार्यभार, ग्रामीणों ने किया सम्मान





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत जेतासर में मंगलवार को नवनिर्वाचित सरपंच ओमप्रकाश नाई ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सरपंच ओमप्रकाश नाई, उपसरपंच सहीराम मेघवाल एवं ग्राम विकास अधिकारी हजारी गोदारा का सम्मान कर शुभकामनाएं दीं। सरपंच ने ग्राम पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सरपंच नाई ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि गांव के विकास और जन समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान पुष्पवर्षा की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बिग्गा सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत बिग्गा के नवनिर्वाचित सरपंच सम्मत लाल फौजी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता बृजलाल तावणियां ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए ग्राम विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। बृजलाल तावणिया ने कहा कि गांव में युवाओं के लिए खेल मैदान सहित बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। पदभार ग्रहण के अवसर पर ग्रामीणों ने सरपंच सम्मत लाल फौजी को शुभकामनाएं देते हुए सम्मान किया।

सूड़सर कोड़ाराम भादू ने संभाली कमान; नई पंचायत के सामने विकास की बड़ी जिम्मेदारी



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत सूड़सर में नवनिर्वाचित सरपंच कोड़ाराम भादू ने बुधवार को पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। सहायक विकास अधिकारी गिरधारी स्वामी एवं ग्राम विकास अधिकारी विक्रम सैनी ने आवश्यक औपचारिकता पूरी करवाई। इस मौके पर ग्रामीणों ने भादू सहित उपसरपंच श्रवण कुमार खोड़, वार्ड पंच रामरख भादू, चंपालाल कटारियां, प्रभुराम शेरड़िया, माली देवी जाखड़, पारू देवी खोड़ एवं सुमित्रा खोड़ का भी ग्रामीणों ने स्वागत किया। ग्रामीणों ने नई पंचायत से गांव के विकास कार्यों को गति देने, आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने तथा सड़क, पानी, बिजली और अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच ममता मेघवाल, पूर्व उपसरपंच दुर्गाराम भादू, एडवोकेट लालूराम भादू, भगवानाराम भादू, रामलाल खोड़, श्रीराम खोड़, रामरख भादू, गिरधारीलाल भादू, पेमाराम भादू, पोकरराम भादू, सीताराम भादू, रामलाल लुहार, कानसिंह बीका, गणपतदास स्वामी, परमानाराम मेघवाल, किशनलाल तर्ड, सूरजाराम भादू, रामलाल सारण, पीएम चौधरी, दीपाराम जाखड़, हड़मानाराम तर्ड, भंवरलाल भादू, भंवरलाल खोड़, नोपाराम खोड़, हरजीराम भादू, बालूराम भादू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

रामा श्यामा करने खेत से गांव के घर गए जेठ को पड़ौसियों ने पीटा, किया घायल, महिला ने करवाया मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। रामा श्यामा करने खेत से गांव के घर आए जेठ को पड़ौसियों ने पीट पीटकर घायल कर दिया। छोटे भाई की पत्नी ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए मामला दर्ज करवाया है। संतोष पत्नी महेंद्र कुमार नाई निवासी धीरदेसर चोटियान ने इसी गांव के केशुराम नाई व पुत्र पुत्रियां सोनू, मूलाराम, तिलोकाराम, बिमला, सहित भागीरथ पुत्र तुलछाराम नाई के खिलाफ आरोप लगाए है। परिवादिया ने पुलिस को बताया कि वह खेत में बनी ढाणी में परिवार सहित रहती है। मंगलवार को वह अपने जेठ जालूराम के साथ परिवार के घरों में राम श्यामा करने गांव आई। शाम करीब 7 बजे जेठ के घर पड़ौसी आरोपी हाथों में लाठियां व कुल्हाड़ी लेकर जबरन उनके आंगन में घुस आए और गंदी गालियां निकालने लगे। आरोपियों ने एकराय होकर जेठ पर जानलेवा हमला कर दिया व जिंदा जलाने की धमकी दी। जिससे उसके जेठ के सिर व हाथों में गंभीर चोटें आई। परिवादिया के शोर मचाने पर आरोपी उसे मरा समझ कर भाग छूटे। अन्य पड़ौसी घर में आए व मेरे पति को खेत से बुलाया। हम सब जेठ को उपजिला अस्पताल लेकर आए जहां से उन्हें बीकानेर रेफर कर दिया गया। परिवादिया ने कहा कि जब वह अपने पति के साथ थाने में मामला दर्ज करवाने आई तो पड़ोसियों ने बताया कि आरोपियों ने लोडर से उसका घर तोड़ दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसके घर के आस पास घूम रहें है और परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहें है। पुलिस ने मामला दर्ज कर एएसआई गजेंद्रसिंह को जांच दी गई है।

विदेश में रहने वाले ममेरे भाई के नाम से ऑनलाइन फ्रॉड, झांसा देकर 1.20 लाख, हड़प लिए, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। मामूली लापरवाही ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार बनने का बड़ा मौका बन जाता है और पीड़ित अपनी मेहनत की कमाई के रूपए गवां बैठते है। कालूबास निवासी 35 वर्षीय भैराराम पुत्र मुन्नीराम जाट ने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन फ्रोड करके 1,20,000 रूपए हड़प लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया सीआई कश्यपसिंह ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवादी ने बताया कि 9 नवंबर 2026 के दिन सुबह पौने दस बजे से सवा दो बजे के बीच परिवादी के अकाउंट से ये रूपए फोन पे पर भेजे। परिवादी ने पुलिस ने बताया कि राम राम के दिन सुबह उसके पास मैसेन्जर पर मैसेज आया और कोई उसके ममेरे भाई रामेश्वर बनकर बात कर रहा था। आरोपी ने उसे 4.15 लाख रूपए भेजने के नाम पर बैंक डायरी की फोटो मांगी। फिर उसने कहा कि 12 घंटे बाद रूपए आएंगे। उसके भाई की ओर से दलाल द्वारा उसे छुट्टी नहीं देने व भारत नहीं आने देने की बात कही। परिवादी ने अपने भाई को उसके फोन पर मैसेज लिखकर मैसेज भेजा की आपका एजेंट 1.20 लाख रूपए नगदी मांग रहा है। तो उसने कहा कि रूपए एजेंट को भेज दो। तब उसने दलाल से बात कर स्कैनर मंगवाया और दो बार 25-25 हजार रूपए और तीसरी बार में 40 हजार, चौथी बार में 3 हजार, पांचवी बार में 27 हजार रूपए भेजे। उसके बाद उसे पता चला कि किसी ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए रूपए हड़प लिए है। परिवादी ने पुलिस से मामला दर्ज कर रूपए बरामद करवाने की मांग की है।

पुलिस गाड़ी को टक्कर मारने वाली बिना नबंर गाड़ी व चालक के खिलाफ मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। पुलिस गाड़ी को टक्कर मारने वाली बिना नबंर कि सफेद कार व उसके चालक गोपाल लुहार निवासी ठुकरियासर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एएसआई भवरूं खां ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि सरदारशहर रोड पर गांव जैतासर के निकट बिना नबंर की सफेद रंग की गाड़ी के चालक ने गफलत व लापरवाही से गाड़ी चलाकर पुलिस वाहर 112 को टक्कर मार दी जिससे पुलिस स्टफ के चोटें आई व बिना नबंर गाड़ी के भी सवार व चालक को चोटें आई। सभी को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामले की जंच एसआई मोहनलाल करेंगे।

ठुकरियासर सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत ठुकरियासर में सरपंच बीरबलराम देहडू को बुधवार सुबह ग्राम विकास अधिकारी हरिप्रसाद मीणा ने पदभार ग्रहण करवाया। वहीं पूर्व सरपंच अमराराम गांधी ने नए सरपंच को कार्यभार सौंपा। इस दौरान पंडित महावीर सारस्वत व प्रेम सारस्वत ने मंत्रोच्चारण के साथ सवा नौ बजे पंचायत में प्रवेश करवाया। विधिवत रूप से फीता काटा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवा मौजूद रहें। नए सरपंच का पुष्पवर्षा में फूलमालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। सरपंच बीरबलराम ने सभी का आभार जताते हुए गांव के रूके हुए विकास को गति देकर गांव को स्वच्छ व सुविधा संपन्न बनाने पर पूरा ध्यान देने की बात कही।

मिंगसरिया में मनोज देवी ने कार्यभार ग्रहण किया



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत मिंगसरिया में नवनिर्वाचित सरपंच मनोज देवी पत्नी शिवरतन नाई ने बुधवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने साफा व फूलमाला पहनाकर सरपंच का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में सरपंच सहित उपसरपंच चतरसिंह राठौड़, सभी वार्ड पंचों ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि इस कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। सरपंच प्रतिनिधि शिवरतन नाई ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच किशनलाल सोनी, पूर्व सरपंच महेंद्रसिंह, कुंभाराम ठेकेदार, देवीसिंह बीदावत, डूंगरसिंह बीदावत, सुरजाराम नाई, मदनसिंह उग्रावत, रेखाराम कामड़, लाछाराम नायक, नेमाराम प्रजापत, तिलोकाराम प्रजापत, किशनाराम सारण, दुलाराम ज्यानी, चोखाराम ढाका, रामलाल पूनियां, सरदाराराम गोदारा, भागीरथसिंह हंसावत, शिवलाल गोदारा, योगेंद्रसिंह हंसावत, लिछमणराम ढाका, श्रवणसिंह हंसावत, नानूराम गोदारा, गिरधारी गोदारा, भूराराम मेघवाल, नारायण नायक, रामसिंह हंसावत, केशराराम गोदारा सहित अनेक सदस्य शामिल रहें। कार्यक्रम में मंच संचालन रतनसिंह बीदावत ने किया।

देराजसर में परमेश्वरी देवी ने संभाली कमान, जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत देराजसर में बुधवार को नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती परमेश्वरी देवी ने पंचायत कार्यालय पहुंचकर सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र सांगवा ने विधिवत चार्ज संभलाया। ग्रामीणों की ओर से नवनिर्वाचित सरपंच परमेश्वरी देवी, सरपंच प्रतिनिधि हड़मानाराम भादू, उपसरपंच ईश्वरराम मेघवाल सहित नवनिर्वाचित वार्ड पंचों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समारोह में देराजसर ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष लिखमाराम भादू, भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर नेतादास स्वामी, शंकरदास स्वामी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल सारस्वा, सुनील सारस्वा, मामराज भादू, अमेदाराम दुगरिया, गोपाल सुथार, श्रवणदास स्वामी, श्रवण कुमार नाई, भोमाराम लेघा, केशराराम भादू, बाबूलाल भादू, राजूराम भादू, गोपालराम सियाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व भैया दूज हर्षोल्लास से मनाया








श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह नजर आया। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भाइयों का तिलक कर उनकी सुख-समृद्धि, दीर्घायु और खुशहाल जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर परिस्थिति में साथ निभाने का संकल्प दोहराया। पर्व के अवसर पर विवाहित बहनें अपने मायके पहुंचीं, वहीं कई भाइयों ने बहनों के घर जाकर तिलक करवाया। घरों में पारंपरिक पकवान बनाए गए और परिवारजनों ने साथ बैठकर खुशियां बांटी। पूरे क्षेत्र में भैया दूज का पर्व पारिवारिक प्रेम, आत्मीयता और भाई-बहन के रिश्तों की मिठास के साथ मनाया गया।





शिक्षक बनने का सपना होगा साकार, भारती एकेडमी में 13 नवंबर से BSTC का नया बैच

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। शिक्षक बनने का सपना संजो रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। श्रीडूंगरगढ़ की भारती कोचिंग एंड डिफेंस एकेडमी में BSTC (Pre D.El.Ed.) परीक्षा की तैयारी के लिए 12 नवंबर से नए बैच का शुभारंभ किया जा रहा है। एकेडमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विशेष तैयारी करवाई जाएगी। एकेडमी के निदेशक के.आर. फौजी (E&-ITBP) ने बताया कि नए बैच में अनुभवी शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों को विषयवार अध्ययन करवाया जाएगा। साथ ही नियमित टेस्ट सीरीज, अभ्यास और परीक्षा की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो सकें। उन्होंने बताया कि एकेडमी का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध करवाकर उनके शिक्षक बनने के सपने को साकार करने में सहयोग करना है।

13 नवंबर से प्रवेश का अवसर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। BSTC की तैयारी करने के इच्छुक विद्यार्थी भारती कोचिंग एंड डिफेंस एकेडमी, श्रीडूंगरगढ़ में संपर्क कर नए बैच में प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8104 531404 पर संपर्क किया जा सकता है।



बरजांगसर सरपंच ने विधिवत ग्रहण किया कार्यभार, दोहराया गांव के विकास का संकल्प

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत बरजांगसर के नवनिर्वाचित सरपंच जगदीश प्रसाद सिहाग ने विधिवत रूप से बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। सिहाग ने युवा जोश के साथ गांव के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई और गांव के विकास को नए आयाम देने की बात कही। ग्राम विकास अधिकारी मोहननाथ ने कागजी कार्रवाई पूरी करवाई। ग्रामीणों ने सरपंच सहित वार्ड पंच घासीनाथ, कंचन कंवर, द्रोपदी, हेतराम, सोहनी देवी, कविता, रामेश्वरनाथ का सम्मान किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत की पहली बैठक का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली, सड़क निर्माण सहित सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी। सरपंच ने शीघ्र ही पंचायत के कार्य सुचारू रूप से किए जाने व समस्याओं के स्थाई समाधान किए जाने के प्रयास करने की बात कही।



हादसों में चार मौतों से सहमा श्रीडूंगरगढ़, फिर तेज हुई ट्रोमा सेंटर की मांग- 16 वर्षीय युवक सहित चार लोगों की मौत से परिवारों में मातम, डॉ. विवेक माचरा ने विधायक को लिखा खुला पत्र, संघर्ष समिति ने भी बुलंद की आवाज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। त्योहार की खुशियों के बीच श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में हुए सड़क हादसों ने कई परिवारों को कभी न भरने वाला जख्म दे दिया। रविवार और सोमवार को हुए पांच सड़क हादसों में करीब दो दर्जन लोग घायल हुए, वहीं एक 16 वर्षीय युवक सहित चार लोगों की असमय मौत हो गई। हादसों में अपनों को खोने वाले परिवारों में मातम पसरा है। इन घटनाओं ने एक बार फिर क्षेत्र में पॉलीट्रॉमा हॉस्पिटल (ट्रोमा सेंटर) की जरूरत और इसके निर्माण में हो रही देरी को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

चार मौतों के बाद फिर गूंजा ट्रोमा का मुद्दा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। लगातार हो रहे सड़क हादसों और गंभीर घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध करवाने की चुनौती के बीच क्षेत्रवासियों का कहना है कि श्रीडूंगरगढ़ में ट्रोमा सेंटर की स्थापना अब बेहद जरूरी हो गई है। हादसों में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों का दर्द कम नहीं किया जा सकता, लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाओं में घायलों को त्वरित और बेहतर उपचार मिल सके, इसके लिए क्षेत्र में ट्रोमा सेंटर निर्माण की मांग फिर तेज हो गई है।

डॉ. माचरा का विधायक को खुला पत्र

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता डॉ. विवेक माचरा ने विधायक ताराचंद सारस्वत को खुला पत्र लिखकर पॉलीट्रॉमा हॉस्पिटल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाने की मांग की है। डॉ. माचरा ने पत्र में कहा कि क्षेत्र में सड़क हादसों के कारण सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सरकार दो बार बजट में पॉलीट्रॉमा हॉस्पिटल की घोषणा कर चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल निर्माण के लिए भामाशाह द्वारा तन-मन-धन से प्रयास किए जाने के बावजूद राजनीतिक कारणों से उनके परिवार और क्षेत्र की जनता के हितों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के लिए दोनों समुदायों ने भूमि दान की, लेकिन बाद में उस स्थान को बदलने के प्रयास किए गए। डॉ. माचरा ने पंचायत समिति की जनसुनवाई में भी इस मांग को उठाने के दौरान अपने और साथियों के साथ अपमानजनक व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया। डॉ. माचरा ने विधायक से आग्रह किया कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर जनहित को प्राथमिकता दें और पॉलीट्रॉमा हॉस्पिटल का निर्माण शीघ्र शुरू करवाने के लिए प्रभावी पहल करें।



संघर्ष समिति ने भी सोशल मीडिया पर उठाई आवाज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। दूसरी ओर ट्रोमा सेंटर निर्माण संघर्ष समिति सदस्यों ने भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से निर्माण की मांग को फिर मुखर किया है। क्षेत्र के अनेक युवाओं और जागरूक नागरिकों ने भी सरकार से जल्द निर्माण शुरू करवाने की मांग की है। लगातार हो रहे हादसों के बीच अब क्षेत्रवासियों की निगाहें सरकार और जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं कि बजट में घोषित ट्रोमा सेंटर का सपना धरातल पर कब साकार होगा.?

प्रताप बस्ती में गिरा बिजली का पोल, सक्रिय नागरिक ने तत्परता से ठीक करवाया



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। शहर की प्रताप बस्ती वार्ड नंबर 13 में मंगलवार दोपहर एक वाहन के बिजली के पोल से टकराने के कारण 11,000 वोल्ट की बिजली लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। भाजपा के सक्रिय सदस्य बजरंगलाल नाई को सूचना मिलते ही बिजली विभाग को जानकारी देकर लाइन बंद करवाई गई तथा स्त्रक्ष्ण टीम को फोन कर समस्या का तुरंत समाधान करवाने की बात कही गई। बुधवार को बजरंग लाल नाई, रामनिवास नाई मौके पर पहुंचे और नया पोल लगवाकर बिजली की लाइन को दुरुस्त करवाया तथा आपूर्ति पुनः चालू करवाई। स्थानीय लोगों ने समय पर मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करवाने के लिए रामनिवास नाई का आभार जताया।

हेमासर सरपंच प्रतिनिधि का किया सम्मान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। हेमासर की नवनिर्वाचित सरपंच चुन्नीदेवी के प्रतिनिधि नारायणदास स्वामी का बुधवार को श्रीडूंगरगढ़ में सम्मान किया गया। इस मौके पर गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी, भाजपा के लक्ष्मणगढ़ प्रभारी व एडवोकेट अनील धायल, सैन समाज के राम नाई ने स्वामी का साफा पहनाकर सम्मान किया।

बिना नबंर की बोलेरो कैंपर ने मारी टक्कर, दो की हुई मौत, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। लखासर टोल से 100 मीटर श्रीडूंगरगढ़ की ओर सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे में दो सगे भाईयों की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में 21 वर्षीय महेंद्र पुत्र रामदेव जाट निवासी मोमासर बास ने पुलिस को बताया कि उसके पिता रामदेव, ताऊ बुधाराम, ताई शांतिदेवी, अंकित पुत्र हड़मानराम बोलेरो कैम्पर में हमारे नारसीसर खेत में जा रहे थे। लखासर टोल के पास बोलेरो कैंपर आई और सामने से एक बिना नबंर की बोलेरो कैंपर ने लापरवाही व गफलत में चलाकर उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे परिवादी के पिता व ताऊ की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई आवड़दान के सुपुर्द कर दी है।

नई पंचायत के समक्ष विकास की चुनौती

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। देराजसर की नई पंचायत के गठन के साथ ही गांव के विकास और स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर नई उम्मीदें जुड़ गई हैं। मौजिज ग्रामीणों ने भी नवनिर्वाचित सरपंच और उनकी टीम से गांव में विकास कार्यों, पेयजल, सड़क, सफाई, शिक्षा तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर उम्मीदें जताई है। नई पंचायत का कार्यकाल न केवल गांव के विकास की दिशा तय करेगा, बल्कि स्थानीय राजनीतिक समीकरणों और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता के लिहाज से भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

ट्रेक्टर बाइक टक्कर में बाइक सवार की मौत, ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। दीपावली की रात कस्बे के गौरव पथ पर दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें एक 16 वर्षीय युवक अकाल मौत का शिकार हो गया। रविवार रात करीब 12 बजे 16 वर्षीय सुभाष पुत्र मदनलाल नायक व 24 वर्षीय दिनेश पुत्र हंसराज नायक निवासी वार्ड 12, रेलवे कॉलोनी की मोटरसाइकिल पूर्व विधायक के कार्यालय के निकट एक ट्रेक्टर से टकरा गई। दुर्घटना में सुभाष के सिर में गम्भीर चोट आई व दिनेश भी घायल हुए। दोनों को बीकानेर रेफर कर दिया गया। परंतु पीबीएम बीकानेर पहुंचने से पहले सुभाष ने दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा दानाराम नायक ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही व तेज गति से टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मामला दर्ज कर जांच एएसआई भगवानराम को सौंप दी।

हेमासर प्रीमियर लीग का उद्घाटन किया विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने, दी खेल भावना से खेलने की प्रेरणा





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। हेमासर गांव के खेल मैदान में हेमासर प्रीमियर लीग का उद्घाटन बुधवार सुबह विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने किया। विधायक ताराचंद सारस्वत ने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेल खेलने की प्रेरणा देते हुए युवा वर्ग को नशे से दूर रहकर देश, समाज व परिवार के प्रति उपयोगी बनने की बात कही। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष नारायण कलाणी, उपाध्यक्ष विनोदगिरी गुसाई भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी ने खेल आयोजनों को युवा वर्ग के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए श्रेष्ठ बताते हुए गांव के युवाओं को इसे सामूहिक रूप सफल बनाने की बात कही। वहीं सभी अतिथियों का स्वागत हेमासर के नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि नारायणदास स्वामी, उपसरपंच गोविंद सारस्वत ने किया। इस दौरान अनेक ग्रामीण, खेलप्रेमी युवा व खिलाड़ी मौजूद रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जयपुर को मिला राजस्थान का स्वच्छतम शहर होने का गौरव



जयपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में राजस्थान ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। देशभर में आयोजित स्वच्छता के प्रतिष्ठित सर्वेक्षण में जयपुर को राजस्थान का स्वच्छतम शहर (State First swachh City) होने का गौरव प्राप्त हुआ है। दिनांक 11 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के माननीय नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर नगर निगम मेयर श्री सुनील कोठरी ओर प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, श्री रवि जैन तथा जयपुर नगर निगम आयुक्त श्री ओम कसेरा ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि जयपुर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ठोस कचरा प्रबंधन, घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे के पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में जयपुर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा शहर के जागरूक नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में प्राप्त यह सम्मान राजस्थान के सभी नगरीय निकायों के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के सभी शहरों में स्वच्छता, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन एवं नागरिक सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करते हुए स्वच्छ एवं विकसित राजस्थान के लक्ष्य को साकार किया जाए।

श्रीडूंगरगढ़ मंडी से देखें सभी जिंसो के आज के ताजा भाव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 12 नवंबर 2026। मंडी में बुधवार को सामान्य आवक रही व बोली में भी विशेष उतार चढ़ाव दर्ज नहीं हुआ है। भाव मंगलवार के समान ही रहे।

नई खल - 4200/- 4850/-
ग्वार 7950/- 8051/-
ग्वार काला - 7000/- 7700/-
मोठ नया- 8000/- 8551/-
मोठ -6800/-7300
चना- 6700/- 7200/-
रूसी चना- 6600/- 7200/-
मैथी नई- 6800/- 7500/-
गेहूं - 2750/- 2870/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2500/- 2700/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 6800/- 7500/-
पीली सरसों - 6800/- 7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 13000/- 15700/-
पैकेट ईसबगोल 15800/- 16500/-
जीरा नया- 23500/- 25500/-
मूंग नया- 7500/- 8300/-
मूंग -6500/-7000/-
मूंगफली खला नया - 6000/- 8001/-
सिकाई मुंगफली -7600/- 8200
मूंगफली चुगा नया - 6500/- 7300/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फ्रेश - 8000/- 9000/-
तिल- 10000/- 10500/-
जौ नया- 2700/- 3000/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/- 16500/-



आरवीयूएन के सीएमडी देवेंद्र श्रृंगी ने किया कोटा और छबड़ा के विद्युत गृहों का निरीक्षण

जयपुर। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री देवेंद्र श्रृंगी ने सोमवार एवं गंगलबार को कोटा थर्मल और छबड़ा स्थित दोनों ताप विद्युत गृहों का विस्तृत निरीक्षण किया। 1240 मेगावाट क्षमता के कोटा थर्मल और 2320 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले छबड़ा थर्मल के दोनों विद्युत गृहों की सभी इकाइयों का दौरा कर उन्होंने उत्पादन व्यवस्था एवं परिचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत गृहों की सभी उत्पादन इकाइयों का बेहतर रखरखाव एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा उन्हें पूर्ण क्षमता के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी इकाइयों की उपलब्धता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सीएमडी श्री श्रृंगी ने कोटा एवं छबड़ा विद्युत गृहों के कोयला स्टॉक का जायजा लेते हुए कोयले की आपूर्ति एवं दैनिक खपत का विस्तृत विश्लेषण किया। उन्होंने भविष्य की विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त कोयला भंडार सुनिश्चित करने तथा कोयले के स्टॉक में वृद्धि करने के निर्देश दिए, ताकि विद्युत उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा



नहीं आए। उन्होंने कोटा थर्मल प्लांट परिसर स्थित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP) का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा शेष कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने भारतीय विद्युत प्राधिकरण (ट्रश्च) द्वारा मान्यता प्राप्त कोटा थर्मल के प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र की सुविधाओं एवं प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक उन्नत एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया, ताकि कार्मिकों के तकनीकी कौशल में निरंतर वृद्धि हो सके। सीएमडी ने कोटा में सकतपुरा स्थित बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) परियोजना का भी निरीक्षण किया तथा इसके निर्माण एवं स्थापना से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएमडी ने छबड़ा थर्मल के डीएम-आरओ संयंत्र (विलवणीकरण एवं विपरीत परासरण संयंत्र) का भी निरीक्षण किया तथा इसके प्रभावी एवं सुचारु संचालन के निर्देश दिए। आगामी रबी सीजन में विद्युत मांग में संभावित वृद्धि को देखते हुए श्री श्रृंगी ने कोटा एवं छबड़ा विद्युत गृहों की सभी इकाइयों से पूर्ण क्षमता के अनुरूप विद्युत उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान कोटा थर्मल और छबड़ा थर्मल विद्युत गृहों के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सोनिया ने 1984 के दंगों पर राजीव गांधी का किया बचाव, बड़ा पेड़ गिरने वाली टिप्पणी का उल्लेख नहीं

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने अपनी संस्मरणात्मक पुस्तक बिलॉनिंग = ए जर्नी ऑफ लव में 1984 के सिख विरोधी दंगों को भारत के इतिहास का दुखद और शर्मनाक अध्याय बताया है लेकिन इस मामले में तत्कालीन प्रधानमंत्री और अपने पति राजीव गांधी का बचाव किया है। श्रीमती गांधी ने मंगलवार 10 नवंबर को जारी अपनी इस पुस्तक में 31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में सिख समुदाय के खिलाफ भड़की हिंसा का उल्लेख किया है। श्रीमती गांधी ने इन दंगों को दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताते हुए अपने पति का बचाव करते हुए कहा है कि राजीव गांधी के मन में किसी के प्रति घृणा या दुर्भावना नहीं थी और वह निर्दोष सिखों पर हमलों की अनुमति नहीं दे सकते थे। गौरतलब है कि राजीव गांधी ने 19 नवंबर 1984 को एक सार्वजनिक सभा में कहा था, जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती थोड़ी हिलती है। उस समय वह प्रधानमंत्री बन चुके थे। सोनिया की पुस्तक में इस टिप्पणी का उल्लेख नहीं है। सिख विरोधी हिंसा से जुड़े मामलों की पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एच.एस. फूलका ने सोनिया गांधी के विवरण की आलोचना की है। भाजपा से जुड़े फूलका ने आरोप लगाया है कि श्रीमती गांधी ने अपने परिवार को क्लीन चिट देने की कोशिश की है। उन्होंने सेना की तैनाती में देरी को लेकर भी उनके विवरण पर सवाल उठाए और कहा कि राजीव गांधी की टिप्पणी को हिंसा और उसके बाद की परिस्थितियों से अलग करके नहीं देखा जा सकता। श्रीमती गांधी ने लिखा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 31 अक्टूबर की रात राजीव गांधी ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर शांति की अपील की थी और बाद में हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। उनके अनुसार, राजीव ने लोगों से बदला नहीं लेने को कहा था। उन्होंने यह भी लिखा है कि राजीव के कार्यालय के कर्मचारी अपने सिख सहयोगियों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा करने के लिए निकले थे। उन्होंने स्वीकार किया है कि कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं पर हिंसा भड़काने और हमलों का नेतृत्व करने के आरोप लगे थे। उन्होंने इन हत्याओं को देश की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्थाओं की शर्मनाक विफलता बताया और माना कि अनेक पीड़ितों को अब तक न्याय नहीं मिला है। सेना की तैनाती में देरी के संबंध में श्रीमती गांधी ने लिखा है कि तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल ए.एस. वैद्य को इंदिरा गांधी की हत्या वाली रात आदेश मिले थे, लेकिन परिवार को बाद में मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने निकटतम सैन्य टुकड़ियों को तुरंत भेजने का फैसला नहीं किया क्योंकि उनमें सिख सैनिक तैनात थे और उनके भेजे जाने से स्थिति बिगड़ने की आशंका थी। इसके बजाय देहरादून सहित दूरस्थ स्थानों से सैनिक बुलाए गए। सेना की टुकड़ियां एक नवंबर की रात दिल्ली पहुंचने लगीं और दो नवंबर तक हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में उनकी तैनाती हुई। श्री फूलका ने इस विवरण को चुनौती देते हुए कहा है कि सेना बुलाने और तैनात करने की जिम्मेदारी नागरिक प्रशासन की थी तथा हिंसा के दौरान दिल्ली में सैन्य बल उपलब्ध थे। न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उपलब्ध सैनिकों को पहले तैनात किया जा सकता था। उन्होंने सवाल किया कि यदि राजीव गांधी ने 31 अक्टूबर को सेना बुलाने का आदेश दिया था तो हिंसा रोकने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में देरी क्यों हुई। स्तक में जून 1984 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा स्वर्ण मंदिर परिसर से हथियारबंद उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लू स्टार का भी जिक्र है। उस साल एक से आठ जून तक चले इस अभियान में परिसर और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था तथा बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे।

मुख्यमंत्री ने बीएसएफ के जवानों के साथ मनाया भाई-दूज, बीएसएफ देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का सशक्त प्रहरी महिला जवानों ने कठिन परिस्थितियों में साहस

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर परिसर में भाई-दूज समारोह में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की महिला जवानों से रक्षा सूत्र बंधवाकर और उनसे संवाद कर भाई-दूज पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाई-दूज का पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से उन बहनों की भावनाओं को नमन, जिनके भाई परिवार से दूर रहकर सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएफ देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का सशक्त प्रहरी है। दिन हो या रात, गर्मी हो या सर्दी, बीएसएफ के जवान सदैव सीमाओं पर मुस्तैद रहकर राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। हमारी बेटियां भी देश की सुरक्षा में अपनी क्षमता, साहस और समर्पण का परिचय दे रही हैं। बीएसएफ की महिला जवानों ने कठिन परिस्थितियों में साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना और बीएसएफ के जवानों ने पराक्रम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाओं तथा मजबूत समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्मार्ट बॉर्डर की परिकल्पना के अनुरूप सीमा सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घुसपैठ की वजह से सीमांत क्षेत्रों में जनसांख्यिकी परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में, देश को घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए एक मजबूत तंत्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में घुसपैठ की समस्याओं की जड़ों पर प्रहार करते हुए स्थायी समाधानों पर काम हो रहा है। इसी क्रम में बॉर्डर पर आधारभूत संरचना के विकास के लिए आवंटित बजट में 400 प्रतिशत वृद्धि भी की गई है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की ओर से जवानों की सुरक्षा, सम्मान, सुविधा एवं कल्याण में



कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सीमा क्षेत्रों में पानी की समस्या से निजात पाने के लिए पर्याप्त फण्ड उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम के माध्यम से देश के अंतिम गांव को प्रथम गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत पलायन रोकने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-2 के तहत बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर जिलों के 184 सीमावर्ती गांवों को विकास के लिए चयनित किया गया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, 350 से अधिक महाविद्यालयों में नई किरण नशामुक्ति केंद्र स्थापित- मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर राज्य सरकार भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। वहीं, 350 से अधिक महाविद्यालयों में नई किरण नशामुक्ति केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विजय स्तंभ पर पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र की सुरक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक छोटू सिंह भाटी, सीमा सुरक्षा बल रोजस्थान फ्रंटियर के आईजी डॉ. विकास पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में बीएसएफ के जवान उपस्थित रहे।

भारती निकेतन स्कूल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) No.1 SCHOOL

IIT Advanced Result 2026

218 विद्यार्थी 90% से ऊपर

वर्ष 2020 एवं 2026 में

2 बार राजस्थान टॉपर के साथ IIT Advanced में सलेक्शन

AIR-603 (GEN-EWS) PANKAJ SHARMA S/o Ravataram Sharma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-901 (OBC) MRIDUL VERMA S/o Sanjay Verma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-2683 (GEN-EWS) SUBHAM BOTHRA S/o Pramod Kumar Bothra CLASSROOM STUDENT 2026

1st RAJASTHAN TOPPER 500/500

Hindi 100/100 | English 100/100 | Physics 100/100 | Chemistry 100/100 | Maths 100/100

भारती निकेतन के लाल का कमाल

Bhagirath 100.00%

4th STATE MERIT XII Sci. 99.00% Shubham Bothra
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Licchman Bhari
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Mukesh Singh
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Rohit
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Sunita
8th STATE MERIT XII ARTS 98.20% Garima Meena
9th STATE MERIT X 98.17% Vasudev Swami

यहां बनते हैं IITians, Doctors और Board Toppers

70144-44381

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401